/font>

Title: Need to gauge conversion on Bareilly-Lakhimpur-Sitapur-Lucknow metre gauge railway line.- Laid.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): अध्यक्ष महोदय, पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर, सीतापुर होकर लखनऊ तक पहुंचने वाली मीटर गेज की रेल लाइन को ब्राडगेज में परिवर्तित किए जाने की आवश्यकता है। इस रूट पर तराई का क्षेत्र पड़ता है, जो मुख्य धारा से अलग-थलग होने के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ रहा है। यह क्षेत्र जैव संपदा की दृटि से अत्यंत ही समृद्ध है तथा भूमंडलीकरण के युग में इसका बड़ा महत्व है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे तराई क्षेत्र में विशे निर्यात जोन की स्थापना की जा रही है। निकट भविय में यह क्षेत्र राट्र के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रहा है। अतः सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर, सीतापुर और लखनऊ रेल लाइन को प्राथमिकता के आधार पर ब्राडगेज में परिवर्तित करने का कार्य करें।